दिनांकः 27.07.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नीति आयोग की नौवीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक की अध्यक्षता करेंगे।
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह जोधपुर तथा केन्द्रीय कौशल और उघमशीलता राज्य मंत्री जयंत चौधरी आज जयपुर दौरे पर।
- राज्य विधानसभा में आज युवा संसद आयोजित होगी–41 स्कूलों के 181 विद्यार्थी भाग लेंगे।
- राज्य में अगले चार–पांच दिन मॉनसूनी बारिश का दौर जारी रहेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नीति आयोग की नौवीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। नई दिल्ली के राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में होने वाली इस वर्ष की बैठक का विषय "विकसित भारत 2047" है, जिसका मुख्य उद्देश्य भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। बैठक में विकसित भारत पर विजन डॉक्यूमेंट के दृष्टिकोण पत्र पर भी चर्चा होगी। नीति आयोग ने कहा कि गवर्निंग काउंसिल की बैठक का उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकारों के बीच सहभागी शासन और सहयोग को बढ़ावा देना, ग्रामीण और शहरी दोनों आबादी के लिए जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाना है। बैठक में विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में राज्यों की भूमिका पर भी विस्तृत विचार–विमर्श किया जाएगा। बैठक में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल, पदेन सदस्य और विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में केंद्रीय मंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष और सदस्य शामिल होंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नमो ऐप पर 'बजट 2024 की मूल योजना' साझा की है। इसका उद्देश्य रोजगार सृजन और कौशल से संबंधित विभिन्न सरकारी घोषणाओं, योजनाओं और नई पहलों को सरल रूप में समझाना है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि बजट 2024 का लक्ष्य नई रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाओं के साथ नौकरियां पैदा करना, मजबूत कार्यबल का निर्माण करना और नौकरी प्रदान करने वालों को सक्षम बनाना है। बजट में विशेष रूप से शिक्षा, रोजगार और कौशल के लिए एक लाख अडतालिस हजार करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

राष्ट्रपति और पूर्व राष्ट्रपति को विभिन्न अवसरों पर मिले चुनिन्दा उपहारों की राष्ट्रपति भवन की ओर से ऑनलाइन नीलामी ई–उपहार पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने कार्यकाल के दो साल पूरे होने के अवसर पर इस पोर्टल की शुरुआत की थी। पहले चरण में करीब ढाई सौ उपहारों की नीलामी होगी। इसके लिए अगले महीने की 5 से 26 तारीख तक उपहारों के लिए बोली लगाई जा सकेगी। इसके बाद सबसे ऊंची बोली वाले लोगों को उपहार दिए जाएंगे। इनसे मिला पैसा जरूरतमंद बच्चों की मदद के लिए दान किया जाएगा। नीलामी के लिए उपलब्ध उपहारों को राष्ट्रपति भवन के संग्रहालय में देखा जा सकता है।

राष्ट्र आज पूर्व राष्ट्रपति और प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉक्टर ए. पी. जे. अब्दुल कलाम की नौवीं पुण्य तिथि पर श्रद्धां सुमन अर्पित कर रहा है। डॉक्टर कलाम ने भारत के अंतरिक्ष और मिसाइल कार्यक्रमों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्हें 'भारत का मिसाइल मैन' भी कहा जाता है। वर्ष 2015 में आज ही के दिन डॉक्टर कलाम का निधन हो गया था।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने सोशल मीडिया संदेश में पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि डॉ. कलाम की सादगी और संघर्ष सभी को हमेशा प्रेरित करता रहेगा।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह आज जोधपुर प्रवास पर रहेंगे। लोकसभा अध्यक्ष अमृतम पैलेस में आयोजित राजस्थान हाईकोर्ट के प्लेटीनम जुबली कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। वहीं वस्त्र मंत्री नयापुरा चौखा रोड गोपाल बाड़ी स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट

ऑफ हैंडलूम टेक्नोलॉजी–आईआईएचटी लैब का दौरा कर प्रशिक्षुओं के साथ संवाद करेंगे। इसके बाद श्री सिंह का ट्रेड फैसिलिटेशन सेंटर में हैंडीक्राफ्ट के आर्टिज़न के साथ संवाद का कार्यक्रम है। दोपहर बाद वे हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर्स के साथ बैठक भी करेंगे। शाम को वस्त्र मंत्री ऊन मैन्यूफैक्चरर और एक्सपोर्टर के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद लघु उद्योग भारती कार्यालय में टैक्सटाईल से संबंधित सदस्यों को संबोधित करेंगे।

इधर, केन्द्रीय कौशल और उघमशीलता राज्य मंत्री जयंत चौधरी आज जयपुर में मालवीय नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी–एमएनआईटी में आयोजित जन शिक्षण संस्थान के सम्मेलन में भाग लेंगे।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एन टी ए ने कल राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–यूजी के लिए संशोधित फाइनल स्कोरकार्ड जारी किया है, जो उम्मीदवार नीट के लिए उपस्थित हुए थे, वे अपने परिणाम और स्कोरकार्ड आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। परीक्षा एजेंसी ने घोषणा की है कि 17 उम्मीदवारों ने शीर्ष रैंक प्राप्त की है। गौरतलब है कि एनटीए ने 5 मई को 571 शहरों के चार हजार साढे सात सौ से अधिक केंद्रों पर ये परीक्षा आयोजित की थी, जिसमें 24 लाख से अधिक उम्मीदवार शामिल हुए थे। एनटीए ने बताया कि परीक्षा के दौरान जिन एक हजार पांच सौ 63 उम्मीदवारों को समय का नुकसान हुआ था, उनके लिए 23 जून को फिर से परीक्षा आयोजित की गई थी।

राज्य विधानसभा में आज विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की अध्यक्षता में युवा संसद आयोजित होगी। इस एक दिवसीय कार्यक्रम में विधायक के रूप में युवा सदन में बैठकर जनहित के प्रश्न पूछेंगे। युवा ही स्पीकर, मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और मंत्री की भूमिका निभाएंगे। इस कार्यक्रम में 41 विद्यालयों के 181 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। इनमें से 20 विद्यालय जयपुर के हैं और 21 विद्यालय राज्य के अन्य जिलों और अन्य राज्यों के हैं। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बताया कि राष्ट्रमण्डल संसदीय संघ की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम से युवाओं को राजनीति का ज्ञान मिल सकेगा। कार्यक्रम में विधानसभा में प्रतिपक्ष नेता टीकाराम जूली भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में तीस मिनिट का प्रश्न काल होगा और 45 मिनिट में विधायकों की भूमिका निभाने वाले युवक–युवतिया सदन में विचार–विमर्श करेंगे।

राज्य की 586 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है। चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि राज्य के लिए यह महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आगे भी टीबी मुक्त राजस्थान अभियान को प्रतिबद्धता के साथ संचालित किया जाएगा। 'टीबी मुक्त पंचायत' अभियान का उद्देश्य रोगियों की सहायता के लिये संबल प्रदान करने और पंचायत को टीबी मुक्त करने की दिशा में सम्मिलित प्रयास करना है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक ने बताया कि राज्य को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त प्रदेश बनाने के लक्ष्य को अर्जित करने के लिये 9,325 ग्राम पंचायतों में यह अभियान चलाया जा रहा है।

केन्द्र सरकार ने 31 मार्च 2027 तक देशभर में पच्चीस हजार प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र खोलने का लक्ष्य रखा है। रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कल लोकसभा में एक लिखित उत्तर में कहा कि पिछले महीने जून तक देश भर में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों में 547 प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र खोले गए हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से कल मुख्यमंत्री आवास और विधानसभा में विभिन्न जिलों के प्रतिनिधिमंडलों ने मुलाकात की। जोधपुर जिले के लूणी विधानसभा क्षेत्र से आए प्रतिनिधिमंडल ने संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल के नेतृत्व में लूणी क्षेत्र की बजट घोषणाओं के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। चित्तौड़गढ़ से आए प्रतिनिधिमंडल ने बजट में जिले के विकास कार्यों की घोषणाओं के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। साथ ही, बारां से आए प्रतिनिधिमंडल ने भी श्री शर्मा का अभिनन्दन करते हुए बजट में मिली सौगातों के लिए धन्यवाद दिया।

राज्य में अगले चार–पांच दिन मॉनसूनी बारिश का दौर जारी रहेगा। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि उत्तरी बंगाल की खाड़ी में पश्चिम बंगाल तट पर एक कम दबाव का क्षेत्र बनने से राज्य के पूर्वी भागों कई स्थानों पर आगामी एक सप्ताह तक मॉनसून के सक्रिय रहने से अधिकांश स्थानों पर बारिश की गतिविधियां जारी रहने की संभावना है। इस दौरन कोटा और उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी और एक दो स्थानों पर अति भारी बारिश के आसार हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 112वीं कड़ी होगी। मन की बात कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, न्यूज़ ऑन एआईआर वेबसाइट और मोबाइल एप पर सुना जा सकता है। इसे आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज, पीएमओ और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी लाइव स्ट्रीम किया जाएगा।